## CENTRE FOR EDUCATIONAL DEVELOPMENT OF MINORITIES

Nizam College Campus, Hyderabad - 500 001.

**Time: 30 Min. TGTET- JUNE 2025 - LANGUAGE 1 HINDI Mark: 30**

## LANGUAGE 1 HINDI

1-5. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िये और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर पहचानिये:-

संविधान सभा के सम्मुख एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह था कि भारत की राजभाषा किस भाषा को बनाया जाए। पर्याप्त विचार मंथन के उपरांत 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एकमत से यह निर्णय लिया कि हिंदी भारत की राजभाषा होगी, इसीलिए हम प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाते हैं। संविधान के भाग-17 अध्याय 1की धारा 343 (i)के अनुसार "संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी। संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अंतरराष्ट्रीय रूप होगा।", किंतु इसी के अंतर्गत यह प्रावधान भी कर दिया गया कि संविधान के प्रारंभ होने से 15 वर्ष की कालावधि के लिए उन सब राजकीय प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा का प्रयोग भी होता रहेगा, जिसके लिए वह पहले से प्रयुक्त होती रही हो।भारतीय संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ।अतः 15 वर्षों की यह अवधि 26 जनवरी 1965 को समाप्त हो गई, किंतु राजनीतिक दबावों के चलते सरकार ने इस अवधि को आगे बढ़ा दिया परिणामतः अंग्रेजी का प्रयोग राजकीय कार्यों में अब भी हो रहा है। भारत की राजभाषा होने पर भी हिंदी को अंग्रेजी से मुकाबला करना पड़ रहा है।संविधान में राजभाषा संबंधी अनुच्छेद भाग-17 के अध्याय 1 में धारा 343 से 351 तक है।धारा 343 में संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी घोषित की गई। अंको का स्वरूप अंतरराष्ट्रीय ही रहेगा। अनुच्छेद 344 राष्ट्रपति द्वारा राजभाषा आयोग एवं समिति के गठन से संबंधित है। अनुच्छेद 345, 346, 347 में प्रादेशिक भाषाओं संबंधी प्रावधान हैं, जबकि अनुच्छेद 348 उच्चतम न्यायालयों, उच्च न्यायालयों संसद और विधान मंडलों में प्रस्तुत विधेयकों की भाषा के संबंध में विस्तृत व्याख्या करता है।

1. संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा बनाने का निर्णय कब लिया?

   1. 14 सितम्बर 1949 को  2. 26 जनवरी 1950 को

   3. 20 सितंबर 1949 को  4. 15 अगस्त 1947 को

2. संविधान में राजभाषा का प्रावधान है:

   1. धारा 343 (i)  2.भाग-17 अध्याय-1,धारा 343 (i)

   3. धारा 343 से 351 तक  4.इनमें से कोई नहीं

3. उक्त अवतरण का शीर्षक होगा:

1. संविधान में हिंदी 2.राजभाषा संबंधी संवैधानिक प्रावधान

3. राजभाषा हिंदी 4.राजभाषा और राष्ट्रभाषा

4. भारतीय संविधान में अंकों के किस रूप को स्वीकार किया गया है?

1. भारतीय अंकों को 2. अंतरराष्ट्रीय अंकों को

3. भारतीय अंकों के अंतरराष्ट्रीय रूप को 4. उक्त सभी को

5. हिंदी के साथ-साथ भारत में सरकारी कामकाज किस भाषा में हो रहा है?

1.तमिल 2.उर्दू 3.संस्कृत 4. अंग्रेजी

6-19. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर पहचानिए:-

"धिक् जीवन जो पाता ही आया है विरोध,
धिक् साधन जिसके लिए सदा ही किया शोध!
जानकी! हाय उद्धार प्रिया का हो न सका!
वह एक और मन रहा राम का जो न थका,
जो नहीं जानता दैन्य,नहीं जानता विनय,
कर गया भेद वह मायावरण प्राप्त कर जय,
बुद्धि के दुर्ग पहुंचा विद्युत-गति हतचेतन
राम में जगी स्मृति हुए सजग पा भाव प्रमन।"

6. उक्त पद्यांश का संदर्भ दीजिए:

1. निराला,राम की शक्ति पूजा 2. प्रसाद, कामायनी श्रद्धा सर्ग

3. निराला, कुकुरमुत्ता 4. प्रसाद, कामायनी इड़ा सर्ग

7. धिक् जीवन जो पाता ही आया है विरोध
धिक् साधन जिसके लिए सदा ही किया शोध"- कथन किसका है?

1. राम का 2. निराला का 3. Aऔर B दोनों 4. इनमें से कोई नहीं

8. उक्त अवतरण का मूल कथ्य क्या है?

1. निराला के व्यक्तिगत जीवन का सत्य

2. राम के जीवन के विषाद एवं निराशा. की अभिव्यक्ति

3. उक्त दोनों

4. इनमें से कोई नहीं

9. 'वह एक और मन रहा राम का जो न थका' में किस मन की बात कही गई है?

1. सामान्य मन 2. बुद्धि मन 3. अवचेतन मन 4.इनमें से कोई नहीं

10. विद्युत गति का लाक्षणिक अर्थ है?

1. अत्यंत चंचल 2. तीव्र गति से 3. निराश होकर 4. इनमें से कोई नहीं

11. 'कितनी नावों में कितनी बार' कविता के लिए अज्ञेय को कौनसा पुरस्कार मिला है?

A. ज्ञानपीठ पुरस्कार 2.साहित्य. अकादमी पुरस्कार

3. सोवियत लैंड नेहरु पुरस्कार 4. नोबेल पुरस्कार

12. 'मदनाष्टक' किस कवि की रचना है?

1. तुलसीदास 2.कबीर 3.रहीम 4.सूरदास

13. 'हालावाद' का जनक किस कवि को माना जाता है?

1. प्रसाद 2. हरिवंशराय बच्चन 3. दिनकर 4.निराला

14. 'कैदी और कोकिला' पाठ की विधा है?

1.कविता 2.एकांकी 3.निबंध 4.कहानी

15. निम्नलिखित में से यह सकर्मक क्रिया का उदाहरण है?

1.मोहन खेलता है। 2. मोहन दौड़ता है।

3. मोहन कबड्डी खेलता है। 4. मोहन खाता है।

16. संत जन <u>ज्ञानोपदेश</u> देते हैं। रेखांकित शब्द की संधि है?

1. गुण संधि 2. दीर्घ संधि 3.वृद्धि संधि 4.यण संधि

17. निम्नलिखित में से पुल्लिंग शब्द है?

1. साखी 2.चुनौति 3. संकल्प 3. संस्कृति

18. 'बूढ़ी काकी' मानवीय करुणा से ओत-प्रोत कहानी है। - वाक्य में विराम चिह्नों का क्रम है?

1. इकहरे उद्धरण चिह्न, योजक चिह्न, पूर्ण विराम

2 पूर्ण विराम,इकहरे उद्धरण चिह्न, योजक चिह्न,

3. पूर्ण विराम,योजक चिह्न,इकहरे उद्धरण चिह्न

4. योजक चिह्न, पूर्ण विरान चिह्न, इकहरे उद्धरण चिह्न

19. प्रेमचंद ने कफ़न कहानी लिखी।- यह वाक्य इस काल का उदाहरण है?

1. समान्य भूतकाल 2.अपूर्ण भूतकाल 3. आसन्न भूतकाल 4. संदिग्ध भूतकाल

20. रामचरितमानस <u>तुलसीदासकृत</u> रचना है। रेखांकित शब्द इस समास का उदाहरण है-

1. बहुव्रीहि समास 2. कर्मधारण समास 3. द्विगु समास 4.तत्पुरुष समास

21. पिता ने पुत्र <u>को</u> पुकारा।- रेखांकित शब्द में प्रयुक्त कारक है?

1. कर्ता कारक 2. अधिकरण कारक 3. सम्बंध कारक 4.कर्म कारक

22. कृपया मेरी सहायता करें। यह वाक्य है?

1A. सरल वाक्य 2.आज्ञावाचक वाक्य 3. मिश्र वाक्य 4.विधानवाचक वाक्य

23. घोड़ा तेज़ दौड़ता है।- वाक्य का भाववाच्य होगा?

1 घोड़े से तेज़ दौड़ा जाता है। 2.घोड़ा दौड़ नहीं सकता।

3 घोड़े से दौड़ा नहीं जाता। 4. घोड़ा दौड़ता है।

24. <u>मैं</u> बाज़ार गया।- रेखांकित शब्द में सर्वनाम है?

A. निजवाचक सर्वनाम 2.पुरुषवाचक. सर्वनाम

3. सम्बंधवाचक सर्वनाम 4. निश्चयवाचक सर्वनाम

25. LANGUAGE शब्द की उत्पत्ति किस शब्द से हुई है?

1. Lingua 2. Langua 3. Long 4. Language

26. 'ष' का उच्चारण स्थान है?

1.कण्ठ 2. मूर्ध्दा 3. कण्ठोष्ठ 4. दन्तोष्ठ

27. "माध्यमिक विद्यालयों के प्रत्येक विद्यार्थी को अनिवार्य रूप से तीन भाषाओं का अध्ययन करना चाहिए।"-यह कथन किसका है?

1. केंद्रीय शिक्षा परिषद 2. केंद्रीय शिक्षा सलाहकार मंडल

3. ताराचंद समिति 4. महात्मा गाँधी

28. पाठयक्रम अध्ययन का वह क्रम है, जिसमें विभिन्न ज्ञानों और कुशलताओं का संग्रह पुस्तकों के द्वारा किया होता है।

1. व्यापक 2. विस्तृत 3.संकुचित 4. स्वाभाविक

29. मूल्यांकन का शाब्दिक अर्थ क्या है?

1.मूल्य को अंकना 2. मूल्यों की गणना 3. मूल्यों को जोड़ना 4. मूल्यों का गुणा

30. भाषा का संबंध किस से होता है?

1.मनुष्य के अन्तर से 2. मानव मन से 3.मानव के वाग्यंत्र से 4.तीनों से

*****